'यूपी में बनेगी मुंबई से बड़ी फिल्म सिटी'

उप मुख्यमंत्री केशव ने फिल्म विकास परिषद कार्यालय का किया उद्घाटन

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा में मुंबई से बड़ी फिल्म सिटी बनाई जाएगी। यहां फिल्म निर्माताओं को बेहतर सुविधाएं, अत्याधुनिक तकनीक और कलाकारों को सुरक्षित माहौल दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने रविवार को सूचना भवन में उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिल्म उद्योग में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां के कलाकार पूरी दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्तमान सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाओं का पलायन न हो और प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हों।

बोले- फिल्म सिटी बनने से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि फिल्म विकास परिषद का कार्यालय बन जाने से कलाकारों को हर प्रकार की जानकारी मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थल अधिक होने से निर्माता-निर्देशकों को शूटिंग में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सूचना विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल, निदेशक सूचना शिशिर, संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पांडेय, हेमंत कुमार सिंह भी उपस्थित थे। ब्यूरो